# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 21 मई 2025



GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:




GK SEARCH ENGINE



Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine

# Rajasthan Current Affairs

## by GK Search Engine

GET IT ON Google Play

Download App

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

## Q. हाल ही में राजस्थान के किस सांसद को संसद रत्न पुरस्कार 2025 दिए जाने की घोषणा की गई है?

(A) पीपी चौधरी

(B) मदन राठौड़

(C) उपरोक्त दोनों

(D) इनमें से कोई नही

◆राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष और राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ तथा पाली सांसद पीपी चौधरी को संसद रत्न पुरस्कार मिलने जा रहा है। प्राइम प्वाइंट फाउंडेशन की ओर से संसद रत्न पुरस्कार 2025 की घोषणा की गई है।

◆इनके साथ ही देश के कुल 17 सांसदों और संसद की दो स्थाई समितियों के सदस्यों को यह पुरस्कार दिया जाएगा।

◆इन सांसदों का चयन संसद में इनकी मौजूदगी, पूछे गए सवालों और डिबेट में इनकी भागीदारी के आधार पर किया गया है।

**01. राजस्थान के किस जिले में 15 करोड़ की लागत से एक आधुनिक दिव्यांगजन पार्क का निर्माण किया जाएगा?**

(A) अजमेर

(B) कोटा

(C) उदयपुर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦ कोटा में 15 करोड़ की लागत से एक आधुनिक दिव्यांगजन पार्क का निर्माण किया जाएगा।

♦इसमें योग केंद्र, व्यायाम स्थल, पुस्तकालय और रेस्टोरेंट जैसी सुविधाएं होंगी, जहां दिव्यांगजन स्वतंत्र रूप से समय व्यतीत कर सकेंगे।

♦ यह पार्क न केवल शारीरिक सुविधा देगा, बल्कि आत्मबल और आत्मविश्वास को भी मज़बूती देगा।

**02.दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट फतेह करने वाली भारत की पहली CISF महिला अधिकारी गीता समोता का संबंध किस जिले से है?**



**(A) सीकर**

(B) जोधपुर

(C) अलवर

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine
SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की महिला उप-निरीक्षक गीता समोता ने 19 मई 2025 को दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट (8,849 मीटर) पर तिरंगा फहराकर इतिहास रच दिया.

♦राजस्थान के सीकर जिले के छोटे से गांव चक से ताल्लुक रखने वाली गीता सीआईएसएफ की पहली महिला अधिकारी हैं, जिन्होंने इस ऐतिहासिक उपलब्धि को हासिल किया.

♦गीता ने 2011 में सीआईएसएफ जॉइन किया था.

03. हाल ही में AmPlus Solar कंपनी ने किस राज्य में "प्रोजेक्ट जय" नामक एक महत्वपूर्ण सौर ऊर्जा परियोजना की शुरुआत की है?

(A) मध्यप्रदेश

(B) गुजरात

(C) राजस्थान

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

AmPlus Solar कंपनी ने राजस्थान में एक महत्वपूर्ण सौर ऊर्जा परियोजना की शुरुआत की है, जिसे 'प्रोजेक्ट जय' नाम दिया गया है। यह पहल रिन्यूएबल एनर्जी क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी

♦इस परियोजना के तहत, कंपनी ने बिकानेर जिले के जैमलसर गांव में 360 मेगावॉट क्षमता का सौर ऊर्जा प्लांट स्थापित किया है। यह परियोजना भारत के व्यावसायिक और औद्योगिक ग्राहकों को सौर ऊर्जा के लाभ प्रदान करेगी।

♦प्रोजेक्ट जय में बाईफेशियल मॉड्यूल, सिंगल-एक्सिस ट्रैकर्स और पूरी तरह से ऑटोमेटेड क्लीनिंग सिस्टम का उपयोग किया गया है।।।

04.राजस्थान के कोटा में किसके द्वारा प्रधानमंत्री दिव्याशा केंद्र का उद्घाटन किया गया?

(a) ओम बिरला

(b) नरेंद्र मोदी

(c) राजेन्द्र राठौड़

(d)  इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

♦लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 19 मई को कोटा के एमबीएस अस्पताल परिसर में प्रधानमंत्री दिव्याशा केंद्र का उद्घाटन किया।

♦ये केंद्र दिव्यांगजनों के आत्मबल, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक नया अध्याय जोड़ेगा।

♦प्रधानमंत्री दिव्याशा केंद्र में दिव्यांगजनों को दंत प्रत्यारोपण, दृष्टि सुधारक चश्मे, कृत्रिम अंग, कमर व गर्दन के पट्टे, सहायक छड़ियां और अन्य उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे।

♦विशेष रूप से डिज़ाइन की गई ऐसी छड़ी भी दी जाएगी जो अंधेरे में सामने व्यक्ति की मौजूदगी का संकेत देती है।

05.राजस्थान के जयपुर में ज्वैलरी जस शो का आयोजन कब किया जाएगा?

(A) 11 से 14 जुलाई को

(B) 04 से 06 जुलाई को

(C) 12 से 16 जुलाई को

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

➥जयपुर स्थित जेईसीसी में 4 से 6 जुलाई को आयोजित होने वाले बी टू बी जस शो के पोस्टर का विमोचन केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत के मुख्य आतिथ्य में किया गया.

♦देश में विशिष्ट पहचान वाले बी टू बी जस शो व्यवसायियों को अपनी व्यवसायिक जरूरतों को पूरा करने और नए अवसरों की खोज करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है,

06. राजस्थान में गोवर्धन जैविक उर्वरक योजना के अंतर्गत किसानों को वर्मी कम्पोस्ट यूनिट लगाने पर अधिकतम लागत की कितने प्रतिशत सब्सिडी मिलेगी?

(a) 50 प्रतिशत

(b) 25 प्रतिशत

(c) 75 प्रतिशत

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦ राजस्थान में गोवर्धन जैविक उर्वरक योजना योजना के अंतर्गत किसान को वर्मी कम्पोस्ट यूनिट लगाने पर लागत का 50% या अधिकतम 10,000 रुपए प्रति यूनिट तक की सब्सिडी मिलेगी. यह सहायता राशि सीधे किसान के खाते में भेजी जाएगी.

♦गोवर्धन जैविक उर्वरक योजना का मुख्य उद्देश्य जैविक खेती को बढ़ावा देना है

♦ राज्य सरकार का लक्ष्य है कि इस योजना से 50,000 किसानों को फायदा पहुंचे. इसके लिए किसानों को अपने खेत में एक खास आकार की वर्मी कम्पोस्ट यूनिट बनानी होगी, जिसमें केंचुए की मदद से गोबर और अन्य जैविक कचरे को खाद में बदला जाएगा.

**07.राजस्थान के किस जिले में साइबर थाने खोले जाने की घोषणा बजट 2025-26 में की गई थी?**

(A) ब्यावर, बालोतरा

(B) डीडवाना-कुचामन, फलौदी

(C) खैरथल तिजारा, कोटपूतली-बहरोड़

(D) उपर्युक्त सभी

**Important Facts:**

➥ब्यावर, बालोतरा, डीडवाना-कुचामन, खैरथल तिजारा, कोटपूतली-बहरोड़ और फलौदी में साइबर थाने खुलेंगे, इनकी घोषणा बजट 2025-26 में की गई थी

♦साइबर ठगी या साइबर फ्रॉड एक ऐसी आपराधिक गतिविधि है जिसमें कंप्यूटर, नेटवर्क और इंटरनेट का उपयोग करके व्यक्तियों या संगठनों को धोखा दिया जाता है।

♦ यह धोखाधड़ी वित्तीय नुकसान, व्यक्तिगत जानकारी की चोरी, या डेटा के दुरुपयोग से संबंधित हो सकती है।

**08.राजस्थान में सरस लाडो मायरा योजना की शुरुआत कब हुई है?**

(A) 3 अप्रैल 2025

(B) 5 अप्रैल 2025

(C) 1 अप्रैल 2025

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦जयपुर डेयरी ने सरस लाडो मायरा योजना की घोषणा की है। यह योजना 5 अप्रैल 2025 से शुरू हुई।

♦इसके अंतर्गत डेयरी बेटियों की शादी में 21 हजार रुपये का मायरा भरेगी। इसका मकसद आर्थिक सहारा देना और समाज में बेटियों के सम्मान को बढ़ावा देना है।

♦इस योजना के तहत जयपुर डेयरी के 1.5 लाख रजिस्टर्ड दुग्ध उत्पादक किसानों की बेटियों की शादी में 21 हजार रुपये का पारंपरिक मायरा दिया जाएगा।

♦ यह योजना सामाजिक परंपरा को निभाने के साथ-साथ आर्थिक सहारा भी प्रदान करेगी।

09. ऑपरेशन ओलिविया' किसके द्वारा हर वर्ष संचालित किया जाता है?

(a) भारतीय नौसेना

(b) भारतीय वन सेवा

(c) भारतीय तटरक्षक बल (ICG)

(d) नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦ऑपरेशन ओलिविया' भारतीय तटरक्षक बल (ICG) द्वारा प्रतिवर्ष नवंबर से मई तक संचालित एक समुद्री संरक्षण मिशन है,

♦जिसका उद्देश्य ओडिशा के समुद्री तटों पर आने वाले ओलिव रिडले कछुओं की सुरक्षित प्रजनन प्रक्रिया सुनिश्चित करना है।

♦फरवरी 2025 में, इस मिशन की मदद से रुषिकुल्या नदी के तट पर रिकॉर्ड 6.98 लाख कछुओं ने सुरक्षित रूप से अंडे दिए।

**10. हाल ही में किस केंद्रीय मंत्री ने त्रिपुरा में एक्वा पार्क की आधारशिला रखी और मछली महोत्सव का उद्घाटन किया?**

(a) नरेंद्र सिंह तोमर

(b) गिरिराज सिंह

(c) राजीव रंजन सिंह

(d) अनुराग ठाकुर



GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

➥ 18 मई 2025 को त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में एक दिवसीय मछली महोत्सव का आयोजन किया गया,

♦जिसका उद्देश्य राज्य में मत्स्य व्यवसाय को बढ़ावा देना और मछुआरों को सशक्त बनाना था।

♦इसी दिन केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह (ललन सिंह) ने कैलाशहर में ₹42.4 करोड़ की लागत वाले एकीकृत एक्वा पार्क की आधारशिला भी रखी

**Today, Quiz:**

**Q.राजस्थान में हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय ने किस देश की अफ्योन कोकाटेपे यूनिवर्सिटी के साथ किए गए एमओयू को रद्द कर दिया है?**

(A) बांग्लादेश

(B) UAE

(C) तुर्किए

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine